As regards appointment in government service, what is the position? In the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for 1964-65, on page 101, it has been clearly admitted that the all-India yardstick to fill up 12½ per cent for scheduled castes and 5 per cent for scheduled tribes has not been fulfilled. This is the type of education that the Government is going to impart to our children. Still we speak of socialism. So, I condemn this type of education being imparted to our people. We want that type of education which will place our children on par with the children of the other people of India. I also condemn these atrocities inflicted upon Adivasis and Harijans. I condemn this type of Government, and with these words, I resume my seat.

श्रीमती मिनीमता अगमदास गरु : (जंजगीर) : अध्यक्ष महोदय हरिजनों की समस्या आजादी के बाद असाध्य तथा संक्रामक हो गई है क्योंकि गांधी जी ने एक सिद्धान्त चलाया था कि हरिजनों का उद्धार किया जाय। उनका उद्धार करने के लिये जब हिन्दुस्तान में कदम उठाया गया तो जो उच्च जाति के सवर्ण कहाने वाले लोग थे उनके लिए एक किस्म का सिर दर्द पैदा हो गया। उन्होंने इन बातों से चिढ़ कर हमेशा हरिजनों को सताना शुरू कर दिया जिसके कारण आज हरिजनों की यह दुर्दशा हो रही है। यह एक ही जगह या एक ही प्रदेश की बात नहीं है आज हर प्रदेश में इस तरह से अत्याचार, हत्या, लूट-खसोट और महिलाओं की इज्जत लूटी जा रही है। यह बड़े दुख की बात है कि आजादी के बाद भी आज हम सिर उठा नहीं सक रहे हैं। जिस तरह से आज हमको कुचला जा रहा है उसके अन्दर हमें एक ही दृष्टिकोण दिखाई देता है कि इसमें कुछ राजनीतिक हाथ है। राजनीतिक हाथ इसलिए है—इस में दो किस्म की बातें हैं। एक तो यह कि जो उच्च जाति के लोग हैं, वे समझते हैं

कि अगर हरिजन लोग ऊपर उठ जायेंगे, तो हमारी गुलामी कौन करेगी, हमारा काम कौन करेगा । यदि इन में थोड़ी भी जागृति आ जाय, यदि इनमें थोड़ी भी विद्या आ जायेगी तो ये हमारे साथ समानता करने के लिये आगे बढ़ने लगेंगे । इस वजह से, अध्यक्ष महोदय, वे हमेशा हरिजनों को कुचलने की कोशिश करते हैं ।

दूसरी बात यह है कि हमेशा से हरिजन गांधी जी के सिद्धान्तों पर चलते आ रहे हैं और यही कारण है कि हमेशा उन्होंने एक ही दल को सपोर्ट किया है और वह दल है—, कांग्रेस । कांग्रस को सपोर्ट करने के कारण जिस जिस क्षेत्र में कांग्रेस विजयी हुई है, उस क्षेत्र में हरिजनों को दुर्दशा हमेशा से होती आ रही है । जैसे हमारे पिता जी ने कहा— हमारे अध्यक्ष जो, उसी क्षेत्र के हैं, जिस क्षेत्र में यह अत्याचार हुआ है, किन्तु उसके पिछले हिस्से को भी आप देखिये, जब वह कांग्रेस के अध्यक्ष थे, तब भी उसी क्षेत्र से जीत कर आये थे, तो उनको सताने वाले दूसरे ही होंगे, इतना मुझे विश्वास है, क्योंकि मैं जानती हूं कि इस तरह से हमारे साथ होता आ रहा है ।

गांधी जी के सिद्धान्तों पर चल कर हमेशा कांग्रेस को सपोर्ट करने के कारण उनके लिये भयंकर स्थिति उत्पन्न हुई है । इस चीज को अच्छी तरह से अध्ययन कर दूसरे दल के लोग योजना बना कर हरिजनों को सताने की कोशिश कर रहे हैं । उदाहरण के लिये मध्य प्रदेश को लीजिये— मध्य प्रदेश का मुंगेली कांड इतना भयंकर काण्ड है जिसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता है । उस काण्ड पर यहां इस सदन में अनेक लोगों ने समवेदना प्रकट की, दूसरे दल वालों ने भी समवेदना प्रकट की लेकिन हमारे मध्य प्रदेश शासन ने खास कर हमारे गृह मंत्री जी हमेशा यह कहते आये हैं कि मुंगली काण्ड एक प्रचार का साधन है यह सरासर झूठ है । दो शब्द समवेदना प्रकट करने के बजाय हमेशा उस बात को उन्होंने झूठ साबित किया । इसलिये मध्य प्रदेश के शासन से हमको संरक्षण कैसे मिल सकता है, हम कैसे विश्वास करें कि वहांपर हमारा संरक्षण हो सकता है । इसलिये मैं चाहती हूं कि केन्द्र सरकार के द्वारा उन हरिजनों की रक्षा की जाय जहां कि वे हमेशा से सताये जा रहे हैं

यहां पर श्री बाबूराव पटेल ने 1 अप्रैल को एक प्रश्न रखा था जिसमें उन्होंने कहा था कि मिनीमाता ने अपने अनुयायियों के साथ मुसलमान हो जाने की धमकी सरकार को दी है । यह सरासर गलत है—मेरे वाक्य को चीफ मिनिस्टर साहब ने पूरा नहीं होने दिया । चीफ़ मिनिस्टर साहब से मैंने कहा था कि यदि हम मुसलमान होते, मेरे वाक्य को चीफ़ मिनिस्टर साहब पूरा सुने बिना तुरन्त बोले कि आप मुसलमान होना चाहती हैं. कल होने वाली हैं तो आज हो जाइये । इसका कारण है, वे ऐसा क्यों चाहते हैं—आप लोग ईसाई हो जाइये मुसलमान हो जाइये लेकिन हिन्दू मत रहिये क्योंकि हिन्दू रहेंगे तो हमारा पूरा अधिकार आप चाहेंगे । इस वजह से हरिजनों को इतना सताया जा रहा है ।

मेरे उस वाक्य को तोड़-मरोड़ कर युगधर्म ने छापा तथा जो जनसंघियों का अखबार "आर्गेनाइजर" है उस ने छापा और उसी बात को लेकर श्री बाबूराव पटेल ने वह प्रश्न यहां रखा । "नई दुनिया" ने भी मेरी उस बातचीत को अपने 3 फरवरी के अंक में छापा था जिसका थोड़ा सा अंश मैं आपको पढ़ कर बताती हूं—गोविन्द नारायण-सिंह जी से मेरी जो बातचीत हुई थी उस की कुछ बातों को तोड़-मरोड़ कर जनसंघ के स्थानीय मुखपत्र ने छापा था जिसके बाद आर्गेनाइजर ने उसका प्रचार किया तथा श्री बाबराव पटेल ने यहां पर प्रश्न रखा । धर्मयुग और आर्गेनाइजर की बातें गलत रिपोर्ट पर आधारित हैं । मुख्य मंत्री से अपनी

[श्रीमती मिनीमाता अगमदास गुरु]

बातचीत के दौरान में मैंने कहा था कि हरिजनों को भेड़ बकरी की तरह काटा जा रहा है और उसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है । यदि हम मुसलमान होते तो बड़े-बड़े नेता और बड़े बड़े लोग इस क्षेत्र में दौड़ कर आते— ऐसा मैंने कहा था । जिस समय मुख्य मंत्री जी से यह बात-चीत हुई कुछ पत्रकार भी वहां उपस्थित थे । "नई दुनिया" की कटिंग मेरे पास है, यदि आप कहेंगे तो मैं दे दूंगी । एक संसद सदस्य ने इस तरह की झठी जानकारी के आधार पर मेरे ऊपर और मेरी पार्टी के ऊपर आरोप लगाये हैं । यह एक ही प्रदेश की बात नहीं है, हर जगह हरिजनों के साथ इस तरह के अत्याचार हो रहे हैं । ऐसी अवस्था में वे किस प्रकार जिन्दा रह सकते हैं ।

मेरे दो तीन सुझाव हैं । कई लोग यह कह रहे हैं कि कांग्रेस के राज्य में भी होता आ रहा था और अभी भी होता है । तो कहीं कहीं कांग्रसियों ने त्याग भी किया है और कहीं कहीं पर नहीं भी किया है । तो मेरा सुझाव यह है कि हरिजन आदिवासियों की सुरक्षा के लिये तत्काल व्यवस्था की जाय । यदि आवश्यक हो तो हमारे लिये अलग से कानून बनाया जाये ।

मेरा दूसरा सुझाव यह है कि उन पुलिस अफसरों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये जो कि इस तरह की घटनाओं को रोक पाने में असमर्थ होते हों । जिस जिले के हरिजन आदिवासियों पर अत्याचार हो उस जिले के कलक्टर, एस० पी० और डी० एस० पी० को तुरन्त स्थानान्तरित किया जाए ।

मेरा तीसरा सुझाव यह है कि जिस प्रदेश में बड़े पैमाने पर ऐसी घटनायें हो रही हों उस प्रदेश की सरकार को साम्प्रदायिकता का हिस्सेदार माना जाये और वहां पर केन्द्र का हस्तक्षेप किया जाय ।

मेरा चौथा सुझाव यह है कि जिस पार्टी के कार्यकर्ता सामूहिक रूप से हरिजनों और आदिवासियों पर जुल्म करते हैं उसे सरकार की ओर से चेतावनी दी जाए और अगर उसके कार्यकर्ता अपनी हरकतें बन्द न करें तो उस विशेष क्षेत्र में उस पार्टी की शाखा को गैर-कानूनी घोषित किया जाय चाहे वह कोई भी पार्टी क्यों न हो ।

अध्यक्ष महोदय, चूंकि बहुत से लोग बोलने वाले हैं इसलिये मैं यहीं पर समाप्त करती हूं ।

अध्यक्ष महोदय : श्री मोलहू प्रसाद, दो मिनट ।

श्री **मोलहू प्रसाद** (बांसगांव) : दो घंटे में सिर्फ दो मिनट? क्या यहां भी भेदभाव का मामला चल रहा है ।

अध्यक्ष महोदय : अच्छा बोलो बोलो ।

श्री **मोलहू प्रसाद** : अध्यक्ष महोदय 28 तारीख को यहां संसद में जो मामला उठाया गया था उसके सम्बन्ध में मैं आपको एक अखबार की खबर बतलाऊं कि आखिर सत्यता पर किस तरह से परदा डाला जाता है । चाहे उत्तर प्रदेश हो, चाहें मध्य प्रदेश हो और चाहें दक्षिण प्रदेश हो कोई भी प्रदेश हो, जिन लोगों की समस्या पर हम बहस कर रहे हैं उनके पास न तो कोई कवि है, न भांट है और न कोई कलाकार, चित्रकार, पत्रकार, साहित्यकार और न कोई अखबार है, कोई भी उनका नहीं है यह सरकार भी उनकी नहीं है । संसद में यह मामला उठाया गया था । यह अखबार है "स्वतन्त्र भारत"—पता नहीं स्वतन्त्र भारत है या परतन्त्र भारत है । इसमें खबर छपी है कि आन्ध्र प्रदेश सरकार ने कल बंगलौर के एक समाचार-पत्र में छपे इस समाचार का खंडन किया है कि महबूबनगर जिले के एक गांव में हरिजन औरतों को नंगे

होकर गांव में घूमने के लिये विवश किया गया । दो दिन पूर्व लोकसभा में गरमा-गरम बहस हुई थी और कल एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश सरकार ने इस मामले में जांच की और जांच से पता चला कि महबूबनगर के जिले के किसी भी गांव में इस प्रकार की कोई भी घटना नहीं हुई है ।

अध्यक्ष महोदय, उस हरिजन ने दो बर्तन चुराये तो उसको फूंक डाला गया तो इस सत्यता पर जो परदा डाला गया है उस अखबार के एडीटर को भी फूंक देने के लिए क्या गृह मंत्रालय आदेश देगा ?

दूसरी बात यह है कि इन के पास इस देश में सदियों से आज तक इनके हाथ में न तो कलम रही है और न डंडा रहा है । वही कलम लिखने वाली जिसके हस्ताक्षर से इस देश में कैसे खर्चा चलता है और कैसे फैसला होता है । तो इनके हाथ में आज तक न तो कभी कलम आई और न डंडा आया : बीस वर्ष का जनतन्त्र हो गया, चाहे कांग्रेसी सरकार हो या गैर-कांग्रेसी सरकार हो, किसी भी प्रदेश का गृह मन्त्रालय आज तक कभी भी अनुसूचित जाति के हाथ में नहीं रहा । अनुसूचित जाति के लोगों को आज जो फूंका जाता है, जलाया जाता है, तंग किया जाता है या मारा पीटा जाता है, आप गृह-मंत्रालय को अनुसूचित जाति के हाथ में दे दीजिये और फिर देखिये कि किस प्रकार हरिजनों को फूंका जाता है या जलाया जाता है । लेकिन यह तो आपकी नीयत में ही नहीं है ।

जहां तक कलम का मामला है, देश का कोई भी महत्वपूर्ण पद ऐसा नहीं है जिस पर कि एक भी अनुसूचित जाति का आदमी हो । केवल एक ही उत्तर प्रदेश का लोक सेवा आयोग है जिसमें कि एक अनुसूचित जाति का आदमी इस वक्त लिया गया है । लेकिन लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष जो है वह भी कोई ऊंची जाति का है, उसने तुरन्त इस्तीफा दे दिया क्योंकि अछूत लोकसेवा आयोग में आकर घुस गया था । इस देशमें कभी न तो कोई राज्यपाल और न कोई विदेश का राजदूत अनुसूचित जाति का बनाया गया । जिस पार्लियामेंट में हम बहस कर रहे हैं शायद यहां भी सरकारी मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति का कोटा पूरा नहीं है । प्रधान मंत्री बैठी हैं अगर कोटा पूरा हो तो वह जरा विवरण बतायेंगी । आज भी यहां कोटा पूरा नहीं है । फिर यह तो लोअर हाउस है, जो अपर हाउस है उसके लिये संविधान में कोई उपबन्ध नहीं है और न ही विधान परिषदों के लिए कोई उपबन्ध है कि उनमें अनुसूचित जाति का कोई रहेगा जब हिन्दुस्तान के मामलों को सुलझाने के लिये 22 बार संविधान में संशोधन किया गया तो क्या अनुसूचित जाति की समस्या को हल करने के लिए एक बार भी संविधान में संशोधन नहीं किया जा सकता है ? अगर आपकी नीयत होती तो संविधान में संशोधन किया जाता लेकिन आपकी नीयत तो है ही नहीं ।

एक माननीय सदस्य ने जब उस दिन प्रश्न उठाया तो कहा गया कि इस मामले की जो जांच होगी तो उसमें अनुसूचित जाति का कर्मचारी रहेगा । लेकिन यहां आने के बाद साल भर से मैंने देखा कि यहां पर एक से एक बढ़ कर पटनायक और छलनायक हैं, वे चाहे जितना भ्रष्टाचार करें उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती, लेकिन दिल्ली की पुलिस जिसमें 75 फी सदी अनुसूचित जाति के लोग थे, उन्हें तुरन्त डिसमिस कर दिया गया क्योंकि उन्होंने हड़ताल कर दी थी । लेकिन गृह मंत्रालय पर कार्यवाही करने के लिये कोई भी उतारू नहीं है ।

जहां तक उत्तर प्रदेश का मामला है, खुद मेरे क्षेत्र में ही एक अनुसूचित जाति के आदमी का कत्ल कर दिया गया । मजूरी ग्राम, थाना बड़हलगंज जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, के एक अनुसूचित जाति के कर्मचारी का कत्ल कर दिया गया । उसका नाम बाबूलाल था, लेकिन उसके ऊपर परदा डाला गया, कोई भी

(श्री मोलहू प्रसाद)

कार्यवाही नहीं हो रही है । इसलिए क्योंकि यहां लोक सभा में और विधान सभाओं में तो अनुसूचित जाति के आदमी मिल जाते हैं उनका कोटा पूरा हो जाता है लेकिन कार्यपालिका और न्यायपालिका में कोटा पूरा करने के लिये आपको आदमी ही नहीं मिलते हैं । जब यहां पर प्रश्न किया जाता है तो यह उत्तर दे दिया जाता है कि गृह मंत्रालय की तरफ से कि आदमी कुशल नहीं हैं, लायक नहीं हैं । यहां सरकार बनाने के लिये तो उनका कोटा पूरा हो जाता है, वे लायक बन जाते हैं । लेकिन वहां के लिये लायक नहीं रहते । मैं आपको एक उदाहरण बताना चाहता हूं । केन्द्रीय श्रम संस्था, गोरखपुर में अनुसूचित जाति के तीन कर्मचारी भर्ती किये गये ..... (व्यवधान) ..... 94 कर्मचारी इसमें थे जो कि लोअर डिवीजन क्लर्क थे । लेकिन जब छंटनी की गई तो अनुसूचित जाति के उन तीन कर्मचारियों को ही निकाल दिया गया और उस अनुपात में सवर्ण जाति के कर्मचारियों को नहीं निकाला गया । इस सम्बन्ध में तीन बार प्रश्न पूछा गया लेकिन श्रम मंत्रालय जो है, वह तो बेशर्म मंत्रालय है, आज तक उसने जवाब ही नहीं दिया कि आखिर अनुसूचित जाति के उन कर्मचारियों को क्यों निकाला गया और उसी अनुपात में सवर्ण कर्मचारियों को क्यों नहीं निकाला गया । इस तरह की जो आपकी नीयत है जब तक वह दुरुस्त नहीं होगी तब तक देश में इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है । जब तक उनके हाथ में डंडा नहीं आयेगा और जब तक उनके हाथ में कलम नहीं आयेगी तब तक उनको इस तरह से फूंका जाता रहेगा और उनके कत्ल होते रहेंगे ।

MR. SPEAKER: The hon. Prime Minister.

श्री मोलहू प्रसाद : एक दो मिनट और ।

MR. SPEAKER: Will you please sit down now? You have taken—not 3 minutes—but ten minutes. I have called the Prime Minister.

श्री मोलहू प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, कैसे कुकर्म होते हैं वह मैं आपको बतलाना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश की थोड़ी सी जानकारी मैं आप को देना चाहता हूं

MR. SPEAKER: Order, order. It is not proper. Will he kindly sit down? I am on my legs. People who do this try to get more opportunity like this. It will be unfair to people who sit down like Shri Hiren Mukerjee and other Members who sit down correctly in time. This is not proper. The Congress party has got 100 names. I cannot call all of them. I have called Shrimati Minimata and others.

SHRI SONAVANE (Pandharpur): let those Members of the Congress party who are waiting be also kindly allowed to speak. (*Interruption*)

MR. SPEAKER: Please sit down. There is a Chief Whip for his party. He need not take it up. Every party must have some discipline' Every party has given some names. I cannot answer every hon. Members. Every party gives me a list and then I call the Members. The Prime Minister.

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI INDIRA GANDHI): Sir, I rise with a very heavy heart to express my sense of shock, sorrow and, if I may say so, shame on these barbarous atrocities which have taken place, and even more, that we should be so lacking in social consciousness after all these years that such incidents are happening all over the country.

It is, as one hon. Member has said, a national shame and I think we should not utilise this occasion to speak about one aspect or another. We do all of us share this shame and the only way in which we can wipe it out is at least

now, instead of blaming ont another, to try and see how we can work together to change attitudes, and to try and create a better atmosphere for our brothers and sisters who are Harijans, who are tribals and who are in the minorities.

Prof. Mukerjee said that we are burdened with the weight of thousands of years, but the weight is increased perhaps a hundredfold, on those who are not merely small minorities but vast number under-privileged, who have had not only the burden of history but the burden of being oppressed by their own brothers for these thousands of years. It is up to us to see how we can lighten the burden. It is not an easy task because of the numbers involved and even more so, because of the habits of thought and of living. It needs a revolution, a revolution in thinking, and it needs tremendous courage, intellectual courage, moral courage and even physical courage in order to tackle this tremendous problem. And it is a problem which we cannot tackle merely by giving jobs. That is important; I will not deny the importance of it. It is important to give equality of opportunity, but it is in our daily handling of these situations, in the way in which we behave towards these people, that the change has to come, and it is only when that change comes that the other things will also be possible.

We have to get together to fight all such feelings of class of caste and of communalism. We must also get together to refrain from making provoative statements or speeches. We mus get together to calm emotions when they arise. Mrs. Pandit mentioned about the fear in some communities in Allahabad. I have myself seen such fear in the eyes of the citizens, and as the rightly pointed out, fear is the most dangerous of emotions. When one is afraid, one is not in control of oneself. Therefore, we must see that conditions are not created in which any community has ea or a feeling of insecurity. These are the two greatest dangers.

We have talked a great deal today in the debate on the Ministry of External Affairs on Pakistan and China. I believe that we are fully able to meet those dangers, but if this danger within our country is not met, then we can fall prey to outside enemies. Today it is urgent that we work together to create equal opportunities for all our citizens, specially those who are underprivileged and that we work to strengthen the fundamental unity of our people. I cannot find words which are adequate to condemn these barbarous and heinous crimes. I cannot comprehend the cellousness, the insensitivity and the inhumanity of those who just watched a young boy being burnt to death. But, as I said earlier, it is not enough to blame these people. We have to blame the whole social system. It is not enough to blame the social system, unless we are prepared to take action to change that system and to create some hope of the basic human values to our people. Certainly those who are guilty must be punished and punished harshly. These are cases in which there should be no question of any kind of pity. But I would appeal to the House and to the country as a whole—let us get together and evolve ways of functioning in which we can take the necessary steus—economic, political and social steps—to create the necessary foundation on which a new life can be built and the equality and other basic rights, wich are the dues of all our people, can be given to them.

SEVERAL HON. MEMBERS rose—

MR. SPEAKER: I will call two from this side and two from that side. About the other parties I know whom to call, but the Congress Party has given 20 names. I do not know whom to call.

SHRI THIRUMALA RAO: Andhra has figured very prominently. I would leave it to you to call one member from Andhra.

SHRI VISWANATHA MENON (Ernakulam): Sir, I am standing here to condemn the tragic incidents that

[Shri Viswanatha Menon]

have happened, particularly about the Harijan boy in Andhra. I see the incident not merely as a social problem. The problem is economic. You cannot shut your eyes to the facts of the case. What is the economic condition and social status of the Harijans? Have they got their own land? Are you prepared to solve the economic problem by giving them lands and also to raise their social status? Without doing all these things for the last 20 years, just coming here and indulging in tall talk and philosophic things is not going to solve the problem. This is not the only instance happening in Andhra. I have got a telegram today from Andhra which reads thus:

> "Eight Sugalis including two women brutally tortured. Landlord Kammavaripalem village, Krishna, Andhra suspecting Sugalis as thieves. One in dangerous condition. This village near Kanchikacherla where Harijan boy was burnt recently. Pradesh Congress and local Congress bosses exerting pressure to suppress case against culprits."

This telegram has been sent by the Taluk Ryots Sangam. Here everybody is of the view that we should condemn these things. What is the meaning of mere condemnation when such things are happening? Who is responsible for it? Everybody has to admit that the main responsibility for this lies with the government, the party in power. You cannot minimise their responsibility.

We must look at the issue self-critically. Without doing that, saying something philosophically will not solve the problem. You are declaring that you are going to have socialism in this country. Then, are you prepared to give land to the tiller, land to the poor? Most of the harijans are poor. There may be exceptions like Shri Jagjivan Ram, but most of them not poor. They are workers. Are you going to help them economically? By giving some harijans the posts of Ministers or Governor you are not going to solve the problem. Are you prepared to help them economically? That is the basic question.

Shri Bhandare was saying something about Buddhism and other big things. That would not solve the problem, because their problem mainly is economic. If there is a rich harijan girl, a poor caste Hindu boy is ready to marry her, then the question of caste will not arise. So, it is only a question of money. So, are you prepared to solve the problem that way? You have preached socialism for the last 20 years. Have you done anything concrete in that direction?

I agree with the sentiments expressed by Shri Hiren Mukerjee, but I do not agree with his conclusion, because he says everybody is responsible. Saying that is not going to solve the problem. The question is: are you prepared to give land to the poor, to the harijans? Instead of that, you are now evicting the harijans from the land. What action have you taken to prevent such evictions? In this particular case, a harijan boy has been caught for alleged theft and he has been burnt. I can understand if such a thing happens in America where the Negroes are being burnt by Ku Klux Klan. But here it seems to be worse. I do not know how it has happened. but I am sure that the Congress is equally responsible for it.

SHRI SHASHIBHUSHAN BAJPAI (Khargme): What about the RSS?

SHRI VISWANATHAN MENON: Why do you bring in RSS? I would request the Prime Minister and the Home Minister to take note of it and check such incidents. I have got that telegram with me, with the name of the individual mentioned there. It is by Lakshi Narayan, Secretary, Ryots' Sangam.

How are they going to solve this problem? Mere high brow talk will not help. Mahatma Gandhi said that untouchability must go and he has worked for it. But what are you doing? Gandhiji taught all those things when he was not in power? Now you are in power and you are the so-called followers of Mahatma Gandhi. What have you done?

Without doing anything you are finding fault with others, saying the other party has not done anything. I want to stress here that you have to solve the problem economically. Giving some Governorship to an odd individual, even to Shri Sheo Narain, is not going to solve the problem.

MR. SPEAKER: I am not able to give him even time to speak.

SHRI VISWANATHA MENON: You have to give land to the tiller, land to the harijans and minimum wage to the workers.

SHRI SHASHIBHUSHAN BAJPAI: Have you done it in Kerala?

SHRI VISWANATHA MENON: We have done it. That is why all the harijans are voting for us. They are supporting the United Front Government. You have to give them minimum wages so that they will at least get food twice a day. I would also request you to take action against the culprits, while trying to solve the problem at the economic level.

श्री साधूराम (फिल्लोर) : अध्यक्ष महोदय आज हरिजनों का जो मामला इस हाउस के सामने पेश है उन के संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि देश भर में चाहे वहां कांग्रेस गवर्नमेंट हो या जन संघ गवर्नमेंट हो चाहे किसी और दल की हो चाहे हरिजनों ही की क्यों न हो उन लोगों के ऊपर जो भी अत्याचार हो रहा है वह एक अफसोस की बात है। वहां के लोग शुरू से लेकर आज तक हरिजनों को अपने से नीचा समझते हैं, वह चाहते हैं कि देश में उन लोगों को दबाया जाय। हिन्दुस्तान में हरिजनों की आबादी 15 या 20 करोड़ के लगभग है यह शुड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज कमिश्नर की रिपोर्ट से साबित होता है लेकिन फिर भी इस देश की आबादी का चौथाई हिस्सा हर तरह से मर रहा है और उस के साथ बड़ी बेइन्साफी हो रही है और इस की जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमेंट के ऊपर और सैंट्रल गवर्नमेंट के ऊपर है। मैं यहां किसी पार्टी का नाम नहीं लेना चाहता कि फलां पार्टी वाले या फलां पार्टी वाले काम करते हैं लेकिन जो भी सारे देश में सवर्ण भाई हैं उन के ऊपर यह जिम्मेदारी आती है चाहे वे किसी भी पार्टी से आते हों या ताल्लुक रखते हों।

मध्य प्रदेश में जो कुछ हुआ उस के बारे में श्रीमती मिनिमाता ने बतालाया कि वहां पर जन संघ के भाइयों ने क्या किया है दूसरे प्रदेश में जाइयेतो वहां कोई और हो सकता है लेकिन जो भी कुछ हुआ वह ऐसी बात है जिसे कोई भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। लेकिन इन बातों में न जाता हुआ मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से और प्रेजीडेंट साहब की तरफ से कई जिम्मेदारियां अदा करने की बात हमारे कांस्टिट्यूशन में हैं। हमारे कांस्टीट्यूशन में हरिजनों के लिये बहुत से सेफगार्डस दिये गये हैं। अगर कोई स्टेट या स्टेट गवर्नमेंट उन को वायोलेट करती है तो क्या सेंट्रल गवर्नमेंट की जिम्मेदारी नहीं है कि जुल्म करने वालों के खिलाफ कदम उठाये? क्या स्टेट गवर्नमेंट के जो अधिकारी हैं उन पर यह जिम्मेदारी नहीं आती है कि वह उन जुल्मों को रोकें? अगर वह इस बात की परवाह नहीं करते तो स्टेट गवर्नमेंट और उस के अफसरों को क्यों नहीं हटाया जाता नौकरी से, क्यों उन को जुल्म करने दिया जाता है? अगर सेंट्रल गवर्नमेंट इस के बारे में कदम नहीं उठाती है तो यह मसला

[श्री साधू राम]

हल होने वाला नहीं है और स्टेट्स इस को ीपायेगी।

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दूसरे प्रदेशों, में यह जुल्म बढ़ते जा रहे हैं। हिन्दुस्तान को आजादी मिलने के बीस साल बाद हमारे देश के लिये यह बड़े शर्म की बात है कि इस तरह के जुल्म यहां पर होते रहें। गऊ की हत्या को रोकने के लिये यहां पर आन्दोलन होते हैं लेकिन आदमियों पर जो जुल्म होते हैं हैवानों की तरह उन को मारा जाता है उन को कत्ल व गारत किया जाता है, औरतों की बेइज्जती की जाती है, उन के साथ पुलिस की रूबरू और सरे बाजार रेप्स किये जाते हैं, लेकिन इस के लिये आवाज नहीं उठाई जाती है। क्या यह हमारे सारे देश के लिये शर्म की बात नहीं है? मैं चाहता हूं कि इस बात के लिये हर एक पार्टी को मुत्तफिक होना चाहिये और ऐसे जुल्मों के खिलाफ उन को आवाज उठानी चाहिये। अगर हमारे कांस्टिट्यूशन में इस सिलसिले में किसी किस्म की कमी है और स्टेट गवर्नमेंट्स को इस से रोका नहीं जा सकता तो कांस्टिट्यूशन को अमेंड कर दिया जाना चाहिये।

इस के साथ साथ मैं पूछना चाहता हूं कि जो इस किस्म की किताबें हैं, चाहे वह हिन्दू धर्म की हों या किसी भी दूसरे धर्म की हो जो मजहब का मसला पैदा करती हैं जो हजारों सालों से करोड़ों आदमियों को गुलाम बनाने का प्रचार करती हैं, उन को बैन क्यों न कर दिया जाये? मैं कहना चाहता हूं कि 18 या 20 करोड़ आदमी इस तरह के जुल्म को बर्दाश्त नहीं कर सकते। आखिर जुल्मों को बर्दाश्त करने की भी कोई हद होती है। आजादी के बीस सालों बाद भी इस देश में इस तरह की बातें होती हैं। ऐसी हालत में जिन लोगों पर इस तरह के जुल्म होते हैं वह अपने खून के उबाल को दबाये बैठे हैं। इस हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट में भी 107 शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राईब्स के मेम्बर हैं। इस मुल्क की आबादी का चौथाई हिस्सा आज अपने को रोके हुए बैठा है। आज उन की बिरादरियों पर जो तशद्दद होता है वह शर्मनाक बात है। अब वक्त आ गया है कि इस लोक सभा में उन की बात को सुना जाय। मैं यहां किस किस बात की चर्चा करूं, लेकिन इतना कहना चाहता हूं कि इस बात के लिये हम सब लोगों को इकट्ठा होना चाहिये और देश को एक करना चाहिये। इस परिस्थिति को रोकने के लिये अगर हमें कांस्टिट्यूशन को भी अमेंड करना पड़े तो कर देना चाहिये। अगर देश में जाति पांत का झगड़ा चला तो पाकिस्तान और चीन के हमले का खतरा तो कम होगा, लेकिन इस आग के फूटने के बाद उस को सम्भालना मुश्किल हो जायेगा।

आज जिन लोगों के पास न मकान हैं, न घर हैं न दुकान न जमीन न सामान है वह भारतमाता जिन्दाबाद का नारा कैसे लगायेंगे? अगर इतने करोड़ों आदमियों ने रिवोल्ट कर दिया अगर उन के दिमाग में यह बात आ गई कि सेंट्रल गवर्नमेंट और स्टेट गवर्नमेंट फेल हो गई हैं और उन को इस जुल्म और तशद्दद का हर तरह से मुकाबला करना है तो मेरा ख्याल है कि यह देश के लिये बड़ा हानिकारक होगा। उतना खतरा आपको दूसरे देशों से पैदा नहीं हो सकता है जितना कि इस देश में ही पैदा हो सकता है। मैं प्रधान मंत्री और गृह मंत्री से कहना चाहता हूं कि इस मामले को वे अपने हाथ में लें और स्टेट गवर्नमेंट्स को दबायें, उन पर जोर डालें या जरूरी हो तो उनको तोड़ दें और वहां पर राष्ट्रपति राज लागू कर दें। लेकिन इस तरह की घटनाओं को कभी भी वह बरदाश्त न करें। सख्त से सख्त

उनको उठाने चाहियें। अगर ऐसा नहीं किया गया तो मैं आपको वार्न करता हूं कि देश में आग लगने वाली है। आज रेजोल्यूशंज का वक्त नहीं रह गया है, रेवोल्यूशन का समय आने वाला है। अब देश में इस प्रकार की बेइंसाफी को किसी भी हालत में बरदाश्त नहीं किया जा सकता है।

श्री राम चरण (खुर्जा): अध्यक्ष महोदय, हम लोग हजारों सालों से जुल्म बरदाश्त करते आ रहे हैं और अब हम आगे इनको बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम लोगों पर जो जुल्म हुए हैं इसके कई कारण हैं। सब से बड़ा कारण इकोनोमिक और सोशल हैं। जिस आदमी की इकोनोमिक हालत अच्छी होती है उसका समाज भी थोड़ा सा साथ देता है लेकिन जिस आदमी के तन पर कपड़ा न हो और उसके पास रहने के लिए मकान न हो, वह भूखो नंगा फिरता हो, जिस के पास दो बीघा जमीन भी न हो उसकी न तो गांव में इज्जत है और न ही शहरों में। जिस के पास गांव में एक इंच भूमि भी नहीं है उसको गांव में बाहर निकलने तक नहीं दिया जाता है और उनको कहा जाता हैं कि यह तुम्हारा हक नहीं है कि तुम वहां की जमीन पर टाट्टी तक फिर सको। इस वास्ते जब तक इन पिछड़ी हुई जातियों की आर्थिक स्थिति सुधारी नहीं जाती है तब तक इनका कल्याण नहीं हो सकता है।

आर्थिक स्थिति के साथ साथ उसकी सामाजिक स्थिति को भी सुधारा जाना चाहिये। इस क्षेत्र में मैं चाहूंगा कि सामाजिक सस्थाओं को आगे आ कर इनके कल्याण के लिए कुछ कार्य करना चाहिये। आर्य समाज ने आजादी से पहले इस सिलसिले में ठोस कार्य किया था। लेकिन आजादी के बाद यह सस्था भी चुप हो कर बैठ गई है। गो हत्या बन्दी के लिए तो उसने आल इंडिया मूवमेंट चलाई थी लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि क्यो नहीं अनटचेबिलिटी को दूर करने के लिए और यह जो सोशल ईविल है इसको जड़मूल से नष्ट करने के लिए वह कोई मास एजीटेशन शरू करती है, एजीटेशन शुरू करती है। क्यों वह सो गई है? मैं हिन्दू जाति से कहना चाहता हूं कि अगर मुल्क को जिन्दा रखना चाहते हो अगर इस कौम को साथ लेना चाहते हो तो पिछड़ी हुई जाति के लोगों को आप गले से लगाओ और इसको साथ ले कर चलो। अगर ऐसा नहीं किया गया तो मुम्किन है कुछ अर्से के बाद यह जाति सैपरेट लैंड की डिमांड करे। अगर उसने ऐसा किया तो उसको मजबूर हो कर इसको करना पड़ेगा। कारण यह है कि हम ज्यादा देर तक जुल्म बरदाश्त करते नहीं जा सकते हैं।

अब आप देखें कि किस तरह से इसकी इकोनोमिक हालत सुधर सकती है। आप ने सर्विसिस में शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों के लिए रिजर्वेशन दिया है। लेकिन आजभी लाखों की तादाद में इन जतियों के लोग बेकार फिर रहे हैं, सड़कों की खाक छानते फिर रहे हैं। लेकिन उनको सर्विस नहीं मिलती है। इन बेरोजगारों लोगों ने काम दिलाऊ दफ्तरों में अपने नाम भी दर्ज करवा रखें हैं लेकिन कोई पूछता तक नहीं है। बी ए, एम० ए०, डबल एम ए०, एल० एल० बी०, आदि परीक्षायें पास कर लेने के बावजूद भी इनको नौकरियों में नहीं लिया जाता है। बेचारे मारे मारे फिर रहे हैं। यहां तक कि टैक्नीकल क्वालिफिकेशंज तक वाले बेकार फिर रहे हैं। कांग्रस की बीस साल से हकूमत रही है। लेकिन आप देखें कि क्लास 1 में एक परसेंट हो इनको रिप्रिजेंटेशन मिल सका है, और क्लास 2 में दो परसेंट मिल सका है और जहां तक क्लास 3 का सम्बन्ध है केवल आठ परसेंट ही इनको रिप्रिजेंटेशन मिला है। अगर यही हाल चलता रहा तो सौ साल में भी जो इनका कोटा है, वह नहीं मिल पायगा। इनके साथ

[श्री रामचरण]

न्याय हो सके, इसके लिए यह जरूरी है कि क्लास 1 और क्लास 2 की पचास परसेंट पोस्ट्स अब आप इनके लिए रिजर्व करें। अगर आपने ऐसा किया और बड़ी और छोटी दोनों प्रकार की नौकरियों में लगा दिया तो फिर देखेंगे कि कैसे इनके साथ कोई अनुचित बात होती है कैसे इनके साथ बेइंसाफी होती है, कैसे इन पर जुल्म ढ़ाये जाते हैं। जब हमारा जज हो आई० जो० हो हमारे दूसरे अफसर होंगे पुलिस में हमारे लोग होंगे तो फिर किसी के साथ जुल्म हो, इसकी सम्भावना नहीं है। चव्हाण साहब होम मिनिस्टर हैं उन पर ये जुल्म नहीं होते हैं हम पर होते हैं, इसको हम कैसे और कब तक बरदाश्त करते रह सकते हैं। मैं चाहूंगा कि चव्हाण साहब गृह मंत्रालय में सैल बनायें और यह उसी तरह का होना चाहिये जैसा सी० बी० आई का है और हर स्टेट में इसको स्थापित किया जाए, इसकी शाखायें हों और यह सैल इन सभी शिकायतों की छानबीन करे और इस सैल में सभी शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोग हों, ऊपर से नीचे तक आई० जी० से ले कर बाकी जितना स्टाफ है उस तक, तब आप देखेंगे कि हम पर जुल्म होने बन्द हो जाएगे।

अध्यक्ष महोदय, आज हम देखते हैं कि होम मिनिस्टर साहब आर्डर कर देते हैं। लेकिन नीचे वाला जो सिपाही है जिस को पचास रुपये तनख्वाह मिलती है वह कोई परवाह नहीं करता है, वह भी हमारे गले पर छुरी चलाता है। जब किसी को कत्ल कर दिया जाता है तो उसकी रिपोर्ट जब हम थाने में लिखाने जाते हैं तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर सारे देश में जो इस तरह की घटनायें हुई हैं उनका सर्वे किया जाए तो आपको पता चलेगा कि हरिजनों की इन बीस सालों में कम से कम दस हजार हत्याएं की गई हैं। इन केसों को अन्ट्रेसेबल कह कर खत्म कर दिया जाता है और मामलों को छोड़ दिया जाता है। मैं कुछ सुझाव भी इस सम्बंध में देना चाहता हूं। क्लास 1 और क्लास दो की जो टाप मोस्ट एग्जेक्टिव पोस्ट्स हैं, और पुलिस में बड़ी बड़ी और छोटी छोटी नौकरियां हैं उन में हरिजनों को लिया जाना चाहिये और उनका जो कोटा है वह पूरा किया जाना चाहिये। अधिकांश हरिजन गांवों में रहते हैं। अगर इनको एक या दो एकड़ जमीन मिल जाए तो हो सकता है कि ये जो ज्यदितियां इनके साथ होती हैं, उनका वें मुकाबला कर सकें। जो सरकारी जमीन फालतू पड़ी हुई है वह इनको दी जानी चाहिये। जिन के पास पचास एकड़ से अधिक जमीन हो उन से लेकर भूमिहीन हरिजन किसान मजदूरों में वितरित कर दिया जाना चाहिये। मैं आपको अपने जिले की बात बतलाता हूं। मेरे जिले में ऐसे ऐसे पूंजीपति हैं जिन के पास पांच पांच सौ एक एक हजार एकड़ जमीन है। लेकिन दूसरी तरफ हरिजन हैं, जिन के पास एक दो बीघा भूमि भी नहीं है, यह जुल्म नहीं तो क्या है?

एक दिल्ली की बात मैं आप को सुना कर बैठ जाऊंगा। दिल्ली के लिए एक मास्टर प्लान बना। कांग्रेसी शासन ने इस प्लान के तहत हरिजनों को दिल्ली से निकाल बाहर फेंकने का प्लान बनाया है जैसे पहले जमाने में हुआ करता था कि जो चमार का चूहा होता था वह शहर से बाहर रहता था। इस प्लान के तहत बीस हजार झुग्गी झोंपड़ियों को डिमालिश किया गया है। उनको उठा कर जमना पार फेंक दिया गया है। उनको यहां रहने तक का हक नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि इस सारी समस्या का अध्ययन करने के लिए इसका समाधान सुझाने के लिए एक हाई पावर्ड

कमिशन की स्थापना की जाए। उस कमिशन की जो रिकोमेंडेशंज हों उनको इम्प्लेमेंट किया जाए। इसको नैशनल प्राबलम मान कर चला जाए। हिन्दू, मुसलमान, ईसाई कोई भी हो हम में पोलिटिकल अवेकनिंग आ गई है और हम किसी भी प्रकार के जुल्म को बरदाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। लिहाजा सरकार इसको एक नैशनल प्राबलैम मान कर और इसके हल के लिए एक हाई पावर्ड कमिशन बना कर इन्क्वायरी करे और उसके सुझाव के अनुसार अमल करे।

श्री शिव नारायण (बस्ती) : आज तक हम तुम्हारे जुल्म और सितम पर स्वाद करते आ रहे हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बीस बरस हो गए हैं कांग्रेस गवर्नमेंट को पावर में आए हुए और राज्य चलाते हुए। पहले जवाहरलाल नेहरू जी प्रधान मंत्री थे और आज श्रीमती इन्दिरा गांधी हैं। बीच में अठारह महीने तक लाल बहादुर शास्त्री जी प्रधान मंत्री रहे। यह मातृत्व का प्रश्न है। इन्दिरा गांधी जी आज प्रधान मंत्री हैं। मैं चाहता हूं कि वे देखें कि किस तरह से आंध्र में औरतों को नंगा कर के बइज्जत किया गया है। यह हरिजन स्त्रियों का ही प्रश्न नहीं है, सारे समाज का प्रश्न है। देश का यह प्रश्न है। अध्यक्ष महोदय, एक बड़ा षडयंत्र चल रहा है। इसके पीछ फारेन मनी काम कर रहा है। मैं होम मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि यह जो एक बहुत बड़ा षडयंत्र चल रहा है, इसके प्रति वह सजग हों। कमिंग इवेंट्स कास्ट देअर शडो फिोर। खतरे की घंटी बज रही है। सरकार सावधान हो प्रदेश सावधान हो। अभी साधू राम जी ने कहा है कि एक चौथाई हमारी आबादी है। हम कमजोर नहीं हैं। हम मजबूत हैं और मजबूत हो कर हमें आगे बढ़ना होगा। हमें इस विश्वास के साथ आगे बढ़ना होगा

कर बहियां बल आपनी तजौ पराई आस हम कमजोर नहीं हैं, हम मजबूत हैं। लेकिन इस में गवर्नमेंट को भी सहायता प्रदान करनी होगी। हमारे लड़के एम०ए०, बी०ए०, एल० एल० बी० पास करके गलियों में घूम रहे हैं। इंदिरा गांधी की चाहे हकूमत हो या चरण सिंह की रही हो, जनसंघ की हो या कांग्रेस की हो, उनको कोई पूछता नहीं है। ऐसा नहीं होना चाहिये। जो हमारा कोटा है और जो हमारा अधिकार है, वह हमें मिलना चाहिये।

ये जो घटनायें घटी हैं, इनकी छानबीन सैंटर को करनी चाहिये। यह क्लास वार की निशानी है। सैंटर की ड्यटी है कि वह इनको इनवैस्टीगेट करे। आप रिपोर्टस मांगते हैं इन के बारे में लेकिन आपको करैक्ट रिपोर्टस नहीं आती हैं। पटवारी, चौकीदार आदि की रिपोर्टस आ जाती हैं, नीचे से ऊपर तक जो रिपोर्टस भेजी जाती हैं, वे गलत रिपोर्टस होती हैं। स्टेट्स डू नाट सैंड करेक्ट रिपोर्टस। हम आपके एलची हैं। हम आपको सही खबरें ला कर देते हैं। आंध्र में नंगा नाच हुआ है। मैं श्री मुत्याल राव से पूछना चाहता हूं कि क्या उन्होंने अपनी कांस्टिट्युएंसी में जा कर देखा है और क्या आंध्र में नंगा नाच नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश में हमारे लड़के दबाये गए हैं, उनको कुयें में फेंका गया है। यू पी में आजकल प्रजीडेंट्स रूल है, और होम मिनिस्टर जो हिन्दुस्तान के हैं, उनकी यह ड्यटी है कि देखें कि वहां ऐसा हुआ है या नहीं हुआ है।

शिक्षा संस्थाएं जितनी हैं, उन के नामों के साथ ये जो मारवाड़ी आदि शब्द लगाये जाते हैं, इनको खत्म किया जाए। हमारे जो हरिजन भाई हैं अगर उन में इन शिक्षण

[श्री शिवनारायण]

संस्थाओं में छः स्थान रिजर्व होते हैं तो सातवां आदमी हमारा नहीं लिया जाता है फिर चाहे वह कितना ही कम्पीटेंट क्यों न हो। नौकरियों में हमारे लोगों को नहीं लिया जाता है। कितनी ही दरख्वास्तें दी जाती हैं लेकिन हमारे लड़कों को चपरासी तक नहीं रखा जाता है। अगर हम भी रिकोमेंड करते हैं किसी को चपड़ासी के लिए और वह हरिजन होता है तो भी नहीं रखा जाता है।

मैं चाहता हुं कि आप लैण्ड रिफार्म्ज की तरफ सब से पहले ध्यान दें। उत्तर प्रदेश में यह कहा गया है कि बारह एकड़ से ज्यादा भूमि कोई नहीं रख सकता है। लेकिन वहां लोगों ने अस्सी अस्सी और नव्वे नव्वे एकड़ भूमि रख छोड़ी है। आप क्या कर रहे हैं? क्यों नहीं उन से फालतू जमीन लेकर भूमिहीनों में, हरिजनों में इसको बांट देते हैं। अध्यक्ष महोदय, हल हम चलाते हैं और पैदा करके सफेदपोशों को मैं खिलाता हूं। अपने दिल पर हाथरख कर देखिये कि हमारी क्या हालत है। बरसात में खेतों की निराई हम करते हैं, सिर पर मैला हम ढोते हैं। हमारी दशा इस तरह की बनी रहे यह बहुत ही दुख की बात है।

सरदार स्वर्ण सिंह जी को हमने कहा कि मिलिटरी में हमारी रेजीमेंट रखी जाए। जब हम इस तरह की बात करते हैं, तो हमारी हंसी उड़ाई जाती है, हमारे साथ मजाक किया जाता है।

रेलवे डिपार्टमेंट में अधिकारी लोग रात दिन हम को गालियां देते हैं, हमारे जो मिनिस्टर हैं, उनको गालियां देते हैं।

मैं चाहता हूं कि ये जो सब बातें हैं, इनके बारे में आप डीपली थिंक करो। आज जरूरत इस बात की है कि हम उसी नारे को अपनायें जिस को हमने 1942 में अपनाया था यानी डू और डाई, करो या मरो। यह गांधी जी का नारा था। अगर आपने इसको अपनाया तो जो नक्शा है वह एक दिन में बदल सकता है। सरकार को इस बात में विश्वास करके आगे बढ़ना चाहिये।

गरीबों को मिले रोटी तो मेरी जान सस्ती है।

MR. SPEAKER: Now, there are only ten more minutes left. At least 10 minutes must be given to the hon. Minister so that he may reply to all the points raised.

SHRI ABDUL GHANI DAR (Gurgaon): I want only two minutes. You have not called even one Muslim Member to speak.

SHRI KARTIK ORAON (Lohardaga): I also want to speak.

MR. SPEAKER: As Shri Thirumala Rao has already pointed, I am really surprised that not one Member either from the Opposition or from the Congress Benches has expressed at least regret on behalf of Andhra Pradesh.

SHRI ABDUL GHANI DAR: Please give me only two minutes.

MR. SPEAKER: Everybody is asking only for two minutes.....

SHRI ABDUL GHANI DAR: We have every right to speak and participate in this.

MR. SPEAKER: The other Members too have a right to speak.

SHRI ABDUL GHANI DAR: It is very sad that you are not giving us a chance. We have every right to participate.

MR. SPEAKER: There are 522 Members and not only the hon. Member. On the Congress side also there are 290 Members. Nobody has any special pri-

vilege; all have equal rights and equal privileges here; nobody has got less privileges.

I was really surprised that no Member had expressed regret for what had happened in Andhra Pradesh. It was something ghastly which had happened there and somebody should express regret at least. I would now call upon Shri Tenneti Viswanatham to speak for just two minutes.

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam): I rise in sorrow, I rise with great anguish of mind, and I rise also in anger at what had happened in several parts of the country and particularly in Kanchikacherla in Andhra Pradesh. I come from that State and I hang my head down in shame. I was always taking pride in the fact that having regard to the great propaganda which we had carried on during Mahatmaji's movement, these things would never happen in Andhra Pradesh. But today, as I said, I hang my head down in shame.

I am not going into the various aspects into which hon. Members have gone. These are all familiar things. In fact, the law has provided against all these things. We need not speak again what we spoke forty years ago. The law is there, but the implementation is very very defective.

Since there is no time, I shall give just two suggestions. One is that the practice of untouchability in any form should be made a cognizable offence. That is the first thing.

SHRI SONAVANE: It has been made so, but there is no implementation.

SHRI D. C. SHARMA (Gurdaspur): It should be made a capital offence.

SHRI RANDHIR SINGH: There should be capital sentence for it.

SHRI TENNETI VISWANATHAM: The Act is there on the statute-book. But in regard to the implementation, at the investigation stage, there is great difficulty. These Harijans belong to a poor class of society. They are not moneyed, and sometimes these crimes are committed by those who are affluent or in a affluent circumstances. Therefore, I suggest that a very fair percentage of the constabulary must be filled up by the Harijan communities and the Scheduled Caste communities. For, that is the first stage of investigation. Further, at the level of the head constables and also the sub-inspectors, there must be a greater proportion of people from these communities, because it is these people that carry on the investigation and it is these people that generally are beguiled by those who have committed the crime and who perhaps are behind these crimes.

These two things could be done without amendment of any Act. It is only a question of giving executive instructions. I want the Home Minister and the Prime Minister to consider this particular aspect and impress on the States to do this.

The first information report in the Andhra case was given almost on the same day when the boy had to run away about a hundred yards after falling down from the pole in a bruised or burnt condition. Within less than two hours, I suppose the report was there. But for weeks and weeks no arrest was made. These delays can happen only under two circumstances, namely if there is money behind or if there is politics behind. I understand that in this particular case both the things were there. I want the Home Minister to exercise all the care he can and all the influence that he has at his command to bring out the culprits so that this may be an example throughout the country to show that he social conscience of the people has been stirred now as on no other occasion. Let us dedicate ourselves from today to root out this untouchability in every form in action.

MR. SPEAKER: The Home Minister.

श्री अबदुल गनी डार : "किस किस तरह सताते हैं ये बुत हमें निज़ाम, हम ऐसे हैं कि जैसे किसी का खुदा न हो।" मैं वाक आउट करता हूं।

[شری عبدالغنی ڈار ۰۰کس کس
طرح ستاتے ھیں یہ بت ھمیں
نظام - ھم ایسے ھیں کہ جیسے کسی کا
خدا نہ ھو۔۰۰ میں واک آوٹ کرتا ھوں-]

Shri Abdul Ghani Dar then left the House.

श्री किकर सिंह : (भटिंडा) : स्पीकर साहब मैंने कालिंग एटेन्शन नोटिस दिया है। मुझे भी दो मिनट जरूर मिलने चाहिए। होम मिनिस्टर साहब तो रोज स्पीचें करते रहते हैं, लेकिन हमें टाइम नहीं मिलता है। हमारे लिए यह बर्दाश्त करना बड़ा मुश्किल है।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN): As regards the incident which gave rise to this discussion, I would like to give certain facts. When I made my statement yesterday, I had said that 6 out of the 7 accused were already arrested. According to a message which I just received while sitting here, the one remaining who was absconding, was also arrested on the night of the 2nd at Raichur. This is as regards the point made by the speaker who preceded me as to whether investigation was started immediately. But the explanation I got from the Andhra Pradesh Government was that most of these people had left that place and they were spread all over the State; one was even outside the State. They immediately started the investigation, but naturally it took time to get hold of these people. As I said, the seventh accused was arrested at a distant place, Raichur.

श्री शम्भू नाथ (सैदपुर) : मैं यह पूछना चाहता हूं कि एफ० आई० आर० लाज करने के बाद जब काग्नीजेंस लिया गया और एक्यूज्ड एब्सकांड कर रहे थे, तो उस दरमियान में दफा ८८ और ८९, सी आर० पी० सी० के तहत एक्यूज्ड के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की गई।

MR. SPEAKER: He is not yielding. He cannot cross-examine him like that.

SHRI Y. B. CHAVAN: Let me complete my sentence. He cannot ask me questions at every stage.

18.57 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

As regards the other incident about which I made a statement yetserday about naked women being paraded, they certainly made certain investigation trying to find out information. But this information is not found to be correct and they have issued a contradiction about it.

Hon. Members also have mentioned certain facts. The Communist Party Member referred to some telegram which he has received about some incident in the same district in the same State. Naturally, I will have to go into the details and get a report from the State Government before I can give a reply.

I entirely agree that it is not enough that we have some sort of philosophy, but not the machinery to implement it. This country has accepted equality of citizenship before the law and removal of untouchability has been accepted as a fundamental principle of our Constitution and we have also passed laws making untouchability a cognisable offence, but it is not enough to have laws, it is not enough to merely have a Constitution, it is not enough to have only the philosophy. Now it is time we implemented it. That is, really speaking, the crying need of the hour and we have to think about now we do it.

I must say in this matter that most of the States are doing it, but certainly social conditions are still the same. Unfortunately, this feudal atmosphere in the villages even in this democracy is not yet changed. Psychological and social conditions naturally need to be changed and changed fundamentally. For that matter, the instrument of law and the instrument of Government has

to be used, used very vigorously and honestly. I entirely agree there.

As regards the economic programme, it is the policy practically of all parties and all governments to give priority to the problems of Harijans, Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I think an honest effort has been made by this Government also. I am not here just to defend what Government have done or are not doing. Certainly in what we are doing, we are doing our duty, and what we are not doing is our failure. We must accept that sort of attitude in this matter.

There were two or three suggestions. We will have to take it up at the highest level of the Chief Ministers in a conference and try to emphasise the necessity of being more alert. These are continuing problems. It is not enough that we are alert once; it is a question where we have to be alert continuously and constantly. Constant vigilance is necessary.

19 hrs.

I am thinking of meeting the Chief Ministers to discuss some of the problems. I will give priority to this problem and discuss it with them when I meet them.

As regards the general question of the problems of Scheduled Castes and their reservation in services and other economic problems, as we know, the Commissioner of Scheduled Castes and Scheduled Tribes is supposed to look into it. We have found that the implementation of that policy is the main problem. The Minister of Social Welfare is considering the suggestion whether there should be a parliamentary committee to go into this problem.... (*Interruptions.*)

AN HON. MEMBER: It was promised but denied.

SHRI Y. B. CHAVAN: He has not promised. But as I say, he is considering the suggestion. I have been discussing this matter with him even before I got up here now. I shall discuss this matter with him. If not a parliamentary committee, whatever other committee he may have, in mind he will consider it..... (*Interruptions.*)

AN HON. MEMBER: No other committee.

SHRI Y. B. CHAVAN: Well, you have said it now.

श्री मोहन प्रकाश : नौकरियों में रखने के लिए नहीं लेकिन जो नौकरियों में लगे हुए हैं उन के कैरेक्टर रोल खराब कर के उन को निकाल दिया जाता है (व्यवधान) . . .

SHRI Y. B. CHAVAN: The suggestion to have a parliamentary committee is there. Government has no doubt that if there is some sort of a committee—even if it is not a parliamentary committee—it will go a long way and it is necessary to create an atmosphere so that the administration at all levels will feel that the highest body is watching their performance. This is the basic principle behind it and I am sure the Minister of Social Welfare will certainly take this into consideration. I do not want to repeat whatever everybody has said; I am not replying to this debate in a spirit of replying. I am really-speaking, speaking in the spirit of endorsing it. That is all that I have to say.

19.05 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, April 5, 1968/Chaitra 16, 1890 (Saka).

GMGIPND—LS—II—157 (Ai) LSD—4-10-68—1010.